DATE :- 17-03-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

जीएमआरसी ने ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के कंसल्टेंट के लिए टेंडर जारी किया

सूरत मेट्रो के स्टेशनों पर ऑटोमैटिक फेयर गेट, रिचार्ज कियोस्क लगेंगे, किराये का कलेक्शन स्वतः होगा

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन प्रणाली लगेगी। जीएमआरसी ने एक निविदा जारी की है, जो ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के लिए कंसल्टेंट नियुक्त करने से संबंधित है। सूरत मेट्रो फेज-1 में यात्रियों के लिए पूरी तरह स्वचालित टिकटिंग प्रणाली लागू की जाएगी। इसके लिए एक विशेषज्ञ कंसल्टेंट एजेंसी का चयन किया जाएगा, जो पूरे इस सिस्टम की योजना, डिजाइन, तकनीकी मानकों और कार्यान्वयन की निगरानी करेगी। ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम में केवल टिकट खिड़की से टिकट टोकन लेना ही नहीं, बल्कि मेट्रो में स्मार्ट कार्ड, क्यूआर कोड टिकट, ऑटोमेटिक गेट और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाएं होंगी। इससे लंबी कतारों से राहत मिलेगी। कंसल्टेंट एजेंसी यह भी सुनिश्चित करेगी कि इस सिस्टम का भविष्य में विस्तार हो।

स्टेशनों पर यात्रियों के लिए ये सुविधाएं होंगी

- ऑटोमैटिक फेयर गेट
- टिकट वेंडिंग मशीन
- रिचार्ज कियोस्क
- कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम
- सेंट्रल सर्वर

स्मार्ट ऑपरेशन सिस्टम तैयार करने पर भी ध्यान

सूरत मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि ऑटो फेयर कलेक्शन सिस्टम यात्रियों की संख्या, राजस्व और यात्रा पैटर्न का डेटा भी उपलब्ध कराएगा। इससे ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी, भीड़ प्रबंधन और योजना बनाने में मदद मिलेगी।